Phone : 0591-2485594

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

1-ए/आई.एन.एस.-1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-I, Avas Vikas Colony, Bauddha Vihar, Delhi Road, Moradabad

सन्दर्भ......3235/D-8/जनरल

दिनांक 18/1/2017

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय,
कृते जिलाधिकारी,
जनपद–रामपुर।

विषयः <u>प्रस्तावित स्थल ग्राम–अहरो, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा/गाटा संख्या–318 व 321 पर किसान सेवा केन्द्र रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या–349/जे.ए.–2, दिनांक –04.10.2017 जोकि इस कार्यालय में दिनांक–09.12.2017 को प्राप्त हुआ का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त संबंध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा मैसर्स इण्डियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बोली द्वारा ग्राम–अहरो, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा /गाटा संख्या–318 व 321 पर रिटेल आउटलेट के निर्माण हेतु आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के श्री विनोद कुमार, अवर अभियन्ता द्वारा दिनांक–16.12.2017 को किया गया (निरीक्षण आख्या संलग्न है)। निरीक्षण आख्या के अनुसार सदंर्भित स्थल पर इस शर्त के साथ रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप एग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(आर.के. सिंह)
क्षेत्रीय अधिकारी

शील कृष्ण धवन/Sheel Krishan Dhawan
वरिष्ठ प्रबंध (रिटेल सेल्स)/Sr. Manager (Retail Sales)
इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
35-ए, कमला नेहरू मार्ग/35-A, Kamla Nehru Marg
बरेली-243001 (उ.प्र.)/Bareilly-243001 (U.P.)

प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय, कृते जिलाधिकारी, रामपुर के पत्र संख्या–349/जे.ए.–2, दिनांक –04.10.2017 के सदंर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–अहरो, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा /गाटा संख्या–318 व 321 पर किसान सेवा केन्द्र रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्याः–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक–16.12.2017 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय श्री शौकत यार खान प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट स्थल ग्राम–अहरो, तहसील–बिलासपुर, जिला–रामपुर के खसरा /गाटा संख्या–318 व 321 पर स्थापित किया जाना है।
2. उक्त प्रस्तावित स्थल के उत्तर दिशा में कृषि भूमि, पूरब दिशा में बिलासपुर–शीशगढ़ रोड, पश्चिम दिशा में कृषि भूमि एवं दक्षिण दिशा में कृषि भूमि स्थित है।
3. निरीक्षण के समय प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

(विनोद कुमार)
अवर अभियन्ता

सहा.पर्या.अभि. / क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

शील कृष्ण धवन/Sheel Krishan Dhawan
वरिष्ठ प्रबंध (रिटेल सेल्स) /Sr. Manager (Retail Sales)
इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
35-ए, कमला नेहरू मार्ग /35-A, Kamla Nehru Marg
बरेली-243001 (उ.प्र.)/Bareilly-243001 (U.P.)